यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

## उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# वन आरक्षी

# (Forest Guard)

# सॉल्व्ड पेपर्स

एवं

# प्रैक्टिस बुक


**प्रधान सम्पादक**
ए.के. महाजन

**लेखन एवं सहयोग**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण एवं चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All Rights Reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने Printed by Digital से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

₹ : 295/-

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सॉल्वड पेपर्स


- उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग वन रक्षक परीक्षा-2023
  (परीक्षा तिथि 09-04-2023) ---------- 3-14
- उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वन रक्षक परीक्षा-2021
  (परीक्षा तिथि 14-02-2021) ---------- 15-25
- उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वन रक्षक परीक्षा-2020
  (परीक्षा तिथि 16-02-2020, Shift-I) ---------- 26-37
- उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वन रक्षक परीक्षा-2020
  (परीक्षा तिथि 16-02-2020, Shift-II) ---------- 38-48


## प्रैक्टिस सेट


- प्रैक्टिस सेट-1 व्याख्या सहित हल ---------- 49-59
- प्रैक्टिस सेट-2 व्याख्या सहित हल ---------- 60-70
- प्रैक्टिस सेट-3 व्याख्या सहित हल ---------- 71-82
- प्रैक्टिस सेट-4 व्याख्या सहित हल ---------- 83-94
- प्रैक्टिस सेट-5 व्याख्या सहित हल ---------- 95-105
- प्रैक्टिस सेट-6 व्याख्या सहित हल ---------- 106-116
- प्रैक्टिस सेट-7 व्याख्या सहित हल ---------- 117-127
- प्रैक्टिस सेट-8 व्याख्या सहित हल ---------- 128-138
- प्रैक्टिस सेट-9 व्याख्या सहित हल ---------- 139-149
- प्रैक्टिस सेट-10 व्याख्या सहित हल ---------- 150-160

# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग वन रक्षक परीक्षा-2023

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** [परीक्षा तिथि : 09 अप्रैल, 2023

## (भाग-1)
## सामान्य हिन्दी

**1. 'इतर् + इतर = इतरेतर' में लागू होने वाला संधि-सूत्र है:**
(a) 'इकोयणचि'
(b) 'अकःसवर्णे दीर्घः'
(c) 'वृद्धिरेऽचि'
(d) 'आद्गुणः'

**Ans. (d) :**'इतर + इतर = इतरेतर' में गुण संधि है जिसका संधि सूत्र 'आद्गुणः' होगा। अन्य विकल्प निम्न है-

| संधि | संधि-सूत्र |
|---|---|
| यण संधि | इकोयणचि |
| दीर्घ संधि | अकः सवर्णे दीर्घः |
| वृद्धि संधि | वृद्धिरेऽचि |

**2. निम्नलिखित में से व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है:**
(a) हम सभी कालचक्र के पहिये के नीचे पिस रहे हैं।
(b) इतनी रात बीती तुम क्यों आई?
(c) इस प्रश्न का प्रमाण सहित उत्तर दीजिए।
(d) जल्दी मत करो, धैर्यत से काम ले।

**Ans. (c) :** वाक्य 'इस प्रश्न का प्रमाण सहित उत्तर दीजिए।' शुद्ध वाक्य है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**3. 'अभागा सुख से वंचित रह जाता है।'-यह अर्थ इनमें से किस लोकोक्ति के लिए उपयुक्त है?**
(a) 'अंधा पीसे कुत्ता खाये'
(b) 'अंधा बगुला कीचड़ खाये'
(c) 'अंधेर नगरी चौपट राजा'
(d) 'कोयले की दलाली में मुँह काला'

**Ans. (b) :** 'अंधा बगुला कीचड़ खाये' लोकोक्ति का अर्थ है- अभागा सुख से वंचित रह जाता है। शेष विकल्प निम्नवत् हैं-

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| अंधा पीसे कुत्ता खाये | मूर्खो की कमाई व्यर्थ में नष्ट होना। |
| अंधेर नगरी चौपट राजा | जहाँ कानून और व्यवस्था का पालन न हो |
| कोयले की दलाली में मुँह काला | बुरो के साथ बुरा होना। |

**4. 'राजपत्र में प्रकाशित होने वाली सूचना, जो वैधानिक दृष्टि से सर्वमान्य एवं सर्वस्वीकृत समझी जाती है' –वह कहलाती है:**
(a) परिपत्र
(b) विज्ञापन
(c) प्रेसविज्ञप्ति
(d) विज्ञप्ति

**Ans. (d) :** राजपत्र में प्रकाशित होने वाली सूचना जो वैधानिक दृष्टि से सर्वमान्य एवं सर्वस्वीकृत समझी जाती है, वह 'विज्ञप्ति' कहलाती है। अतः विकल्प (d) सही है।

**5. 'यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया' समूह ने सन् 1982 में हिन्दी में समाचार के लिए इनमें से किस समाचार-एजेन्सी की स्थापना की?**
(a) 'हिन्दुस्तान समाचार'
(b) 'भाषा'
(c) 'समाचार भारती'
(d) 'यूनीवार्ता'

**Ans. (d) :** यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (UNI) ने मई 1982 में अपनी हिन्दी में समाचार के लिए 'यूनीवार्ता' समाचार एजेंसी की स्थापना की। इस संख्या के वर्तमान अध्यक्ष नव भारत के प्रधान संपादक प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी हैं।

**6. कम्प्यूटर-ऑपरेटर इनमें से किस स्मृति-कोश में अपना डाटा संचित करता है?**
(a) RAM
(b) ROM
(c) BIT
(d) CPU

**Ans. (a) :** कम्प्यूटर ऑपरेटर डेटा को अस्थायी रूप से रैंडम एक्सेस मेमोरी (RAM) में संचित करता है। यह कम्प्यूटर की प्राइमरी मेमोरी होती है। यह हार्डवेयर के रूप में होता है। जिसका प्रयोग सीपीयू डेटा और प्रोग्राम को स्टोर करने के लिए किया जाता है।

**7. 'प्रविशेषण' को इनमें से किसने 'अन्तर्विशेषण' कहा है?**
(a) पं. कामताप्रसाद गुरु ने
(b) डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा ने
(c) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने
(d) डॉ. विद्यानिवास मिश्र ने

**Ans. (a) :** प्रविशेषण को अन्तर्विशेषण 'पं. कामता प्रसाद गुरू ने कहा है।'
**अन्तर्विशेषण** - जो शब्द विशेषण की विशेषता दर्शाते हैं उन्हें, प्रविशेषण या अंतर्विशेषण कहते हैं।

**8. इनमें से लेखक उसके रचना का एक युग्म सुमेलित नहीं है, वह है:**
(a) मुक्तिबोध-'काठ का सपना'
(b) मन्नू भण्डारी-त्रिशंकु

(c) शेखर जोशी-हलवाहा

(d) शैलेश मटियानी-उत्तर प्रियदर्शी

**Ans. (d) :** दिए गए विकल्पों में विकल्प (d) में दिया युग्म सुमेलित नहीं है। 'उत्तर प्रियदर्शी' के लेखक सच्चिदानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' जी हैं। यह उनके द्वारा लिखा गया नाटक है।
शैलेश मटियानी की रचनाएँ- मेरी तैंतीस कहानियाँ, दो दुःखों का एक सुख, दूसरों के लिए, हत्यारे महाभोज, चील इत्यादि।

**9. निम्नलिखित में से 'कबूतर' का पर्यायवाची शब्द नहीं हैः**

(a) हारीत (b) बासंत
(c) रक्तलोचन (d) परेवा

**Ans. (b) :**कबूतर के पर्यायवाची शब्द- हारीत, रक्तलोचन, परेवा पारावत, कपोत, अकिंचन इत्यादि हैं। जबकि बासंत कबूतर का पर्यायवाची शब्द नहीं है।
अतः विकल्प (b) सही है।

**10. इनमें से किस पात्र का संबंध 'सिल्वर वैडिंग' कहानी से है?**

(a) गजाधर पंत (b) कृष्ण पंत
(c) गिरीश पंत (d) यशोधर पंत

**Ans. (d) :** 'सिल्वर वैडिंग' मनोहर श्याम जोशी की एक प्रमुख कहानी है। लेखक ने इस कहानी में सेक्शन ऑफिसर 'वी.डी. (यशोधरा) पंत' के चरित्र-चित्रण के माध्यम से आधुनिक पारिवारिक परिस्थितियों को प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है।

**11. 'खड़ी बोली' के लिए 'कौरवी' नाम इनमें से किसने दिया ?**

(a) सुनीति कुमार चटर्जी ने
(b) कामताप्रसाद गुरु ने
(c) राहुल सांकृत्यायन ने
(d) डॉ. भोलानाथ तिवारी ने

**Ans. (c) :** 'खड़ी बोली' के लिए 'कौरवी' नाम हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक राहुल सांकृत्यायन ने दिया था। साहित्यिक भाषा बनने के बाद इसका नाम खड़ी बोली पड़ा।

**12. निम्नलिखित में से 'गढ़वाली' बोली की एक उपबोली हैः**

(a) सीराली (b) कुलुई
(c) सलानी (d) गंगोला

**Ans. (c) :** 'गढ़वाली' बोली की एक उपबोली 'सलानी' है। जबकि अन्य विकल्प असंगत हैं।
* गढ़वाली, कुमाऊँनी तथा मंडियाली में सभी 'पहाड़ी' उपभाषा की बोलियाँ हैं।

**13. इनमें से अंतःस्थ व्यंजन हैंः**

(a) श, ष, स, ह
(b) च, छ, ज, झ
(c) त, थ, द, ध
(d) य, र, ल, व

**Ans. (d) :** श, ष, स, ह - ऊष्म व्यंजन
च, छ, ज, श - तालव्य व्यंजन
त, थ, द, ध - दन्त्य व्यंजन
य, र, ल, व - अंतःस्थ व्यंजन
अतः विकल्प (d) सही है।

**14. इनमें से 'ईख' शब्द का तत्सम शब्द हैः**

(a) इक्षु (b) ईक्षु
(c) इक्खु (d) ऊख

**Ans. (a) :** 'ईख' शब्द का तत्सम 'इक्षु' है। जबकि अन्य विकल्प असंगत हैं।
**तत्सम**- संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी में ज्यों का त्यों प्रयुक्त किए जाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

**15. इनमें से अशुद्ध वर्तनी का शब्द हैः**

(a) भास्कर
(b) द्वारका
(c) कृशाँगिनी
(d) प्रज्वलित

**Ans. (c) :** दिए गए विकल्पों में विकल्प (c) 'कृशाँगिनी' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है जिसका शुद्ध रूप 'कृशांगी' होगा।

**16. निम्नलिखित में से तद्भव और उसके तत्सम शब्द-रूप का एक अशुद्ध रूप है, वह हैः**

(a) सेठ-श्रेष्ठी
(b) टकसाल-टंकशाला
(c) रहट-अरहट्ट
(d) कटहल-कंटफल

**Ans. (c) :** दिए गए विकल्पों में 'रहट-अरहट्ट' तद्भव और तत्सम शब्द रूप युग्म अशुद्ध है जिसका शुद्ध रूप 'रहट-अरघट्ट' होगा।
अतः विकल्प (c) अशुद्ध शब्द युग्म है।

**17. विलोम शब्दों की दृष्टि से अशुद्ध शब्द-युग्म हैः**

(a) प्राची-प्रतीची
(b) समास-व्यास
(c) मसृण-रुक्ष
(d) अनघ-निरघ

**Ans. (d) :** दिए गए विकल्पों में 'अनघ-निरघ' विलोम शब्द की दृष्टि से अशुद्ध शब्द युग्म हैं, जिसका शुद्ध रूप 'अनघ-अघ' होगा।

**18. इनमें से अनेकार्थी शब्द 'दल' का एक अर्थ नहीं है, वह हैः**

(a) पर्त (b) गर्त
(c) सेना (d) निकर

**Ans. (b) :** दिए गए विकल्पों में पर्त, सेना तथा निकर, दल के अनेकार्थी हैं जबकि 'गर्त' गड्ढे (सकरा गड्ढा) का अनेकार्थी है।

**19. नागरी लिपि में मात्राओं में सुधार लाने की दृष्टि से 'बारहखड़ी' चलाने का प्रस्ताव इनमें से किसका था?**

(a) काका कालेलकर
(b) धीरेन्द्र वर्मा
(c) आचार्य नरेन्द्रदेव
(d) राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन

**Ans. (a) :** नागरी लिपि में मात्राओं में सुधार लाने की दृष्टि से 'बारहखड़ी' चलाने का प्रस्ताव काका कालेलकर का था।
* काका कालेलकर (1 दिसम्बर, 1885 - 21 अगस्त, 1981) के नाम से विख्यात दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर भारत के प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। इन्होंने गुजराती और हिन्दी में साहित्य रचना की। इनके द्वारा रचित जीवन-व्यवस्था नाम निबंध संग्रह के लिये उन्हें सन् 1965 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**20. 'गोसाँई दत्त' इनमें से किस रचनाकार का मूल नाम है?**

(a) पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल का
(b) सुमित्रानंदन पंत का
(c) मंगलेश डबराल का
(d) शेखर जोशी का

**Ans. (b) :** 'प्रकृति के सुकुमार कवि' सुमित्रानंदन पंत का जन्म बागेश्वर जिले के कौसानी (वर्तमान उत्तराखंड) में 20 मई 1900 को हुआ। इनके बचपन का नाम 'गोसाँई दत्त' था। इनकी मृत्यु 28 दिसम्बर 1977 इलाहाबाद में हुयी।
इनकी कुछ प्रमुख रचनाएँ - लोकायतन, चिदंबरा, कला और बूढ़ा चाँद, गुंजन, युगांत, स्वर्णधुलि, स्वर्णकिरण इत्यादि।

## (भाग-2)

## सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन

**21. प्रेस की स्वतंत्रता की प्रत्याभूमि निम्न में से, भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में दी गई है?**

(a) अनुच्छेद 19(1) (क)
(b) अनुच्छेद 19(1) (ख)
(c) अनुच्छेद 19(1) (ग)
(d) अनुच्छेद 19(1) (द)

**Ans. (a) :** भारत में प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के भाग-3 में वर्णित मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत अनुच्छेद 19(1) (क) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से उत्पन्न होते हैं। यह स्वतंत्र पत्रकारिता को प्रोत्साहित करता है और लोगों को सरकार के कार्यों के पक्ष या विपक्ष में अपनी राय देने का अवसर देकर लोकतंत्र को बढ़ावा देता है।

**22. संघीय संसद की सार्वजनिक उपक्रमों संबंधी समिति की बनावट निम्नलिखित में से कौन सी है?**

(a) 12 लोक सभा सदस्य एवं 10 राज्य सभा सदस्य
(b) 15 लोक सभा सदस्य एवं 7 राज्य सभा सदस्य
(c) 11 लोक सभा सदस्य एवं 11 राज्य सभा सदस्य
(d) 14 लोक सभा सदस्य एवं 8 राज्य सभा सदस्य

**Ans. (b) :** सार्वजनिक उपक्रमों की समिति भारतीय संसद की तीन वित्तीय स्थायी समितियों में से एक हैं जिसमें कुल 22 सदस्य (15 लोक सभा सदस्य एवं 7 राज्य सभा सदस्य) होते हैं। इस समिति का मुख्य कार्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की रिपोर्ट और खातों की जाँच करना है।

**23. भारत के राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन के संदर्भ में, निम्न में से कौन सा कथन सही है?**

(a) संसद द्वारा 2/3 बहुमत की विधायी प्रक्रिया द्वारा
(b) संसद के और संबंधित राज्यों के साधारण बहुमत की विधायी प्रक्रिया द्वारा
(c) संसद के साधारण बहुमत द्वारा विधायी प्रक्रिया
(d) केवल लोक सभा के साधारण बहुमत द्वारा विधायी प्रक्रिया

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-3 के अनुसार संसद को कानून द्वारा किसी राज्य के क्षेत्र से एक नया राज्य बनाने या दो या अधिक राज्यों को एकीकृत करने, किसी राज्य के क्षेत्र को बढ़ाने या घटाने, या किसी राज्य की सीमाओं या नाम बदलने की शक्ति है।
नये राज्यों के निर्माण, सीमाओं, क्षेत्रों और नामों में परिवर्तन को संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन नहीं माना जाएगा। अर्थात् इस तरह का कानून एक सामान्य बहुमत और साधारण विधायी प्रक्रिया के जरिए पारित किया जा सकता है।

**24. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1:(1) के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है?**

(a) भारत राज्यों का संघ होगा।
(b) भारत अर्थात् इंडिया राज्यों का संघ होगा।
(c) भारत केन्द्र और राज्यों का संघ होगा।
(d) भारत अर्थात् हिन्दुस्तान राज्यों का संघ होगा।

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान का अनुच्छेद-1 संदर्भित करता है कि "भारत, अर्थात् इंडिया राज्यों का संघ होगा।" अर्थात् भारत को राज्यों का एक संघीय ढ़ांचा माना जाता है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का विभाजन होता है। भारतीय संविधान में कुल 22-भाग, 395-अनुच्छेद तथा 12- अनुसूचियाँ शामिल हैं।

**25. सूचना का अधिकार हैः**

(a) विधिक अधिकार
(b) मूल अधिकार
(c) सामाजिक अधिकार
(d) व्यक्तिगत अधिकार

**Ans. (b) :** सूचना का अधिकार (RTI) एक मौलिक अधिकार है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19(1) (क) से आच्छादित है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को 12 अक्टूबर, 2005 से लागू किया गया था जिसके अंतर्गत कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से कोई भी जानकारी ले सकता है, जो तथ्यों पर आधारित है।

**26. कौन सा कर ग्राम पंचायत द्वारा लिया जाता है?**

(a) वस्तु एवं सेवा कर
(b) स्थानीय मेलों पर कर
(c) सीमा शुल्क
(d) भू-राजस्व

**Ans. (b) :** ग्राम पंचायत द्वारा लगाए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण कर निम्न हैं-
(i) गाँव में या उसके आस पास आयोजित मेलों के लिए शुल्क
(ii) स्वच्छता शुल्क
(iii) कृषि भूमि पर कर
(iv) ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित दर पर सेवा कर
पंचायती राज संस्थान को 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 द्वारा संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ।

**27. एन.एफ.एच.एस.-5(2019-21) के अनुसार, भारत के किस राज्य की शिशु मृत्यु दर ( आई.एम.आर. प्रति 1000 जन्म ) सबसे कम थी?**

(a) गोवा (b) बिहार
(c) केरल (d) सिक्किम

**Ans. (c) :** एन.एफ.एच.एस.-5 (2019-21) के अनुसार केरल राज्य की मृत्यु दर सबसे कम थी। शिशु मृत्यु दर एक वर्ष से कम आयु के बच्चों के प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर होने वाली मौतों की संख्या है।

**28. 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत किस वर्ष में हुई?**

(a) 2014 (b) 2016
(c) 2017 (d) 2015

**Ans. (d) :** ''स्मार्ट सिटी मिशन'' की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 जून, 2015 को की गई थी। इस पहल का उद्देश्य शहरी विकास को प्रोत्साहित करना और चुने हुए शहरों को स्मार्ट, टिकाऊ और नागरिक-अनुकूल शहरी केंद्रों में बदलना है। इस मिशन के तहत अब तक कुल 100 शहरों का चयन किया गया है।

**29. भारत में वर्तमान मौद्रिक प्रणाली का प्रबंधन कौन करता है?**

(a) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(b) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
(c) वित्त मंत्रालय
(d) प्रधानमंत्री

**Ans. (b) :** भारत में वर्तमान मौद्रिक प्रणाली का प्रबंधन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है। मौद्रिक नीति रिपोर्ट RBI को मौद्रिक नीति समिति (MPC) द्वारा जारी किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है।

**30. भारत में कौन सा ग्रामीण गरीबी निवारण कार्यक्रम सबसे पहले शुरू किया गया था?**

(a) ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी कार्यक्रम
(b) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम
(c) जवाहर रोजगार योजना
(d) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

**Ans. (d) :** एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आईआरडीपी) भारत में निवारण कार्यक्रमों में सबसे पहले (1978-79) शुरू की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले कृषि मजदूर, छोटे और सीमांत किसान और ग्रामीण कारीगर को स्वरोजगार प्रदान करना है।

**31. निम्नलिखित प्रदेशों में से सुन्दरवन कहाँ पाया जाता है?**

(a) उष्णकटिबन्धीय शुष्क पर्णपाती वन
(b) ज्वारीय वन
(c) कैसुरीना वन
(d) मरुस्थलीय वनस्पति

**Ans. (b) :** सुंदरवन बंगाल की खाड़ी में निचले द्वीपों का एक समूह है जो भारत और बांग्लादेश में फैला हुआ है। यह अपने अनोखे मैंग्रोव वनों (ज्वारीय वन) के लिए प्रसिद्ध है। लगभग 10,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विस्तृत यह वन विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और जीवों का प्राकृतिक आवास है।

**32. आई.सी.सी. महिला टी-20 अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप 2023 निम्न में से किस स्थान पर आयेजित हुआ?**

(a) पोटच्सटरुम
(b) लॉस एन्जिलीस
(c) मैनचेस्टर
(d) उक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** आई.सी.सी. महिला टी-20 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप-2023 का आयोजन 14 से 29 जनवरी 2023 के बीच दक्षिण अफ्रीका के पोटच्सटरुम शहर में हुआ था। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल थी। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर इस टूर्नामेंट की पहली विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

**33. फरवरी 2023 में तुर्की में आए शक्तिशाली भूकम्प की तीव्रता क्या थी? निम्न में से चुनाव कीजिए:**

(a) 6.8 (b) 7.8
(c) 8.1 (d) 5.9

**Ans. (b) :** 6 फरवरी, 2023 को तुर्की-सीरिया सीमा के पास 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप की तीव्रता को सिस्मोग्राफिक नेटवर्क द्वारा रिकॉर्ड किया जाता है।

**34. उच्चतम न्यायालय ने 8 फरवरी, 2023 को अपने ही फैसले पर आदेश देते हुए, सिक्किम-नेपाली लोगों को 'विदेशी मूल के लोग' को उल्लेख से हटा दिया है। –यह फैसला किस तिथि का था?**

(a) 8 अक्टूबर, 2022
(b) 2 दिसम्बर, 2022
(c) 13 जनवरी, 2023
(d) 4 जनवरी, 2023

**Ans. (c) :** उच्चतम न्यायालय द्वारा 13 जनवरी, 2023 को न्यायमूर्ति एम.आर.शाह और न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना की अध्यक्षता में अपने ही फैसले पर आदेश देते हुए सिक्किम-नेपाली लोगों को 'विदेशी मूल के लोग' को उल्लेख से हटा दिया।

**35. भारत की G-20 अध्यक्षता की थीम हैः**

(a) सत्यमेव जयते
(b) वसुधैव कुटुम्बकम्
(c) एक पृथ्वी
(d) वैश्वीकरण

**Ans. (b) :** भारत द्वारा नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर 2023 को 18वें G-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन ''वसुधैव कुटुंबकम'' थीम के साथ किया गया। G-20 एक अन्तः सरकारी मंच है जिसमें 19 सम्प्रभु राज्य, अफ्रीकी संघ और यूरोपीय संघ शामिल है। G-20 की स्थापना सन् 1999 में हुई थी।

**36. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2023 से कौन सी जगह संबंधित नहीं है?**

(a) नागपुर (b) दिल्ली
(c) मुम्बई (d) अहमदाबाद

**Ans. (c) :** बार्डर-गावस्कर ट्राफी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली टेस्ट श्रृंखला है। इसका आयोजन वर्ष-2023 में चार स्थानों नागपुर (महाराष्ट्र), दिल्ली, धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) तथा अहमदाबाद (गुजरात) में हुआ था, जिसमें भारत द्वारा ऑस्ट्रेलिया को हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया गया था।

**37. निम्नलिखित में से कौन सी मेमोरी सबसे फास्ट है?**

(a) कॉम्पेक्ट डिस्क (b) फ्लॉपी डिस्क
(c) कैश मेमोरी (d) हार्ड डिस्क

**Ans. (c) :** कैश मेमोरी सबसे तेज मेमोरी में से एक है, जो प्रमुख रूप से मुख्य मेमोरी और CPU के बीच बफर के रूप में कार्य करती है। इसके अलावा यह डेटा और निर्देशों को संग्रहित करता है जिसका CPU अधिक बार उपयोग करता है ताकि उसे बार-बार मुख्य मेमोरी तक पहुँचने की आवश्यकता न पड़े।

**38. ...........शॉर्टकट कुँजी संयोजन के द्वारा एम एस-वर्ड में खुली फाइल को प्रिंट किया जाता है।**

(a) Shift + W (b) Ctrl + W
(c) Shift + P (d) Ctrl + P

**Ans. (d) :** माइक्रोसॉफ्ट वर्ड मे कुछ महत्वपूर्ण शॉर्टकट कुँजी का संयोजन निम्न है।
Ctrl + P - फाइल को प्रिंट करना
Ctrl + W - फाइल को बंद करना
Ctrt + O - पूर्व में बनी फाइल को खोलना
Ctrl + N - नई फाइल बनाना।

**39. एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम, जिसका उपयोग वेब पेजों को देखने के लिये किया जाता है, कहलाता हैः**

(a) कम्पाइलर (b) एप्लीकेशन प्रोग्राम
(c) व्यू (d) ब्राउजर

**Ans. (d) :** वेब ब्राउजर एक सॉफ्टवेर प्रोग्राम है जिसका उपयोग इंटरनेट पर वेबसाइटों और वेब पेज देखने को, एक्सेस करने और इंटरैक्ट करने के लिए किया जाता है। Google Chrome, Mozila Firfox, Microsoft edge तथा Safari आदि कुछ प्रमुख वेब ब्राउजर्स के उदाहरण हैं।

**40. इनमें से कौन सा वैध IPV4 एड्रेस है?**

(a) 132.64.8.255 (b) 13.260.3.255
(c) 24.0.300.0 (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** IPV4 (Internet Protocol Verson 4) : यह 32-bit एड्रेस होता है। जो चार भागों में बँटा होता है और प्रत्येक भाग 0 से 255 के बीच होता है। अर्थात् विकल्प (a) में दिया गया IPV4 एड्रेस (132.64.8.255) एक वैध एड्रेस है।

**41. मानव नेत्र किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनाता है इसकेः**

(a) कॉर्निया पर (b) परितारिका पर
(c) पुतली पर (d) दृष्टिपटल पर

**Ans. (d) :** मानव नेत्र द्वारा किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब रेटिना (दृष्टिपटल) पर वास्तविक तथा उल्टा बनता है रेटिना बहुत सारी प्रकाश सुग्राही कोशिकाओं से जुड़ी होती है जो इस पर बने प्रतिबिम्ब के रूप, रंग एवं आकार का ज्ञान मस्तिष्क को भेजती है। यह आँख के पिछले हिस्से में स्थित होता है।

**42. निम्न में से कौन सी एक यांत्रिक तरंग है?**

(a) रेडियो तरंग (b) X-किरण
(c) प्रकाश तरंग (d) ध्वनि तरंग

**Ans. (d) :** यांत्रिक तरंग वे तरंगे हैं जो किसी माध्यम (ठोस, द्रव तथा गैस) में गति करती है। ये तरंगे माध्यम के कणों के कंपन्न के कारण उत्पन्न होती है और इनमें ऊर्जा संचरण होता है। ये तीन प्रकार की होती है अनुप्रस्थ तरंग, अनुदैर्ध्य तरंग तथा सतही तरंग।

**43. निम्न में से किसने ABO रक्त समूह की खोज की तथा नोबल पुरस्कार प्राप्त किया?**


(a) वाल्स तथा मोन्टगोमेरी
(b) लेण्डस्टेनर तथा वाइनर
(c) कार्ल लेण्डस्टेनर
(d) ई.एम.ईस्ट

**Ans. (c) :** ABO रक्त समूह की खोज कार्ल लैंडस्टीनर द्वारा 1901 में की गई थी। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में फिजियोलॉजी (मेडिसिन) में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। ABO रक्त प्रकार अन्य प्राइमेट्स जैसे कि बंदरों में भी मौजूद है।

**44. A अपनी सीध में 10 मीटर चलता है और फिर 10 मीटर दायीं ओर चलता है। इसके बाद प्रत्येक बार अपनी बायीं ओर मुड़कर वह क्रमशः 5,15 और 15 मीटर चलता है। अब वह अपने मूल बिन्दु से कितनी दूरी ( मीटर में ) पर है?**

(a) 5 (b) 10
(c) 15 (d) 50

**Ans. (a) :** दिशा आरेख निम्नवत् है-





अतः वह अपने मूल बिन्दु से 5 मी. दूरी पर है।

**45. लड़कियों की एक पंक्ति में काम्या बायें से पाँचवें स्थान पर है और प्रीति दायें से छठे स्थान पर है, जब वे दोनों परस्पर अपना स्थान बदलती हैं, तब काम्या बायें से तेरहवें स्थान पर रहती है। प्रीति दायें से कौन से स्थान पर होगी?**

(a) 7वें (b) 11वें
(c) 14वें (d) 18वें

**Ans. (c) :** प्रश्नानुसार,




प्रीती का दांये से स्थान = (6+13-1)-5+1
= 18-5+1 = 14 वें
अतः प्रीति दांये से 14 वीं है।

**46. सार्क शिखर सम्मेलन 2023, निम्न में से किस स्थान पर होना प्रस्तावित है?**

(a) कोलम्बो (b) पेशावर
(c) इस्लामाबाद (d) लाहौर

**Ans. (c) :** सार्क शिखर सम्मेलन, 2023 का आयोजन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित था।

**47. वर्ष 2024 के जनवरी तथा फरवरी माह में कुल कितने रविवार होंगे?**

(a) 9 (b) 8
(c) 10 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** 1 जनवरी 2024 को दिन-
वर्ष 2000 में कुल विषम दिन = 0

2000 से 2023 तक विषम दिन = $\frac{23+5}{7}$

$= \frac{28}{7} =$ 0 विषम दिन

$\because$ 31 दिसम्बर 2023का दिन = रविवार
$\therefore$ 1 जनवरी 2024 का दिन = सोमवार
तो जनवरी में रविवार - 7, 14, 21, 28
फरवरी में रविवार - 4, 11, 18, 25
अतः वर्ष 2024 के जनवरी तथा फरवरी में रविवार की संख्या = 4+4 = 8

**48. यदि**

$12*2=6$
$27*9=3$
$15*5=3,$

**तब** $50*(50*10)=$

(a) 10 (b) 100
(c) 110 (d) 5

**Ans. (a) :** जिस प्रकार,
(I) $\rightarrow$ 12*2 = 6
$\Rightarrow \quad \frac{12}{2}=6$
(II)$\rightarrow$ 27*9 = 3
$\Rightarrow \quad \frac{27}{9}=3$
(III)$\rightarrow$ 15*5 = 3
$\Rightarrow \quad \frac{15}{5}=3$
उसी प्रकार,
50*(50*10)
$= 50*\frac{50}{10}$
$= \frac{50}{5}=10$

**49. निम्नलिखित में से किस पल्लव शासक ने 'मत्तविलास प्रहसन' की रचना की?**

(a) नरसिंहवर्मन प्रथम
(b) महेन्द्रवर्मन प्रथम
(c) दंतिवर्मन
(d) नरसिंहवर्मन द्वितीय

**Ans. (b) :** मत्तविलास प्रहसन एक लघु एकांकी-अभिनय संस्कृत नाटक है जिसे सातवीं शताब्दी की शुरुआत में पल्लव राजा महेन्द्र वर्मन प्रथम द्वारा लिखा गया था। पल्लव साम्राज्य की राजधानी कांचीपुरम थी तथा यह प्राचीन दक्षिण भारत का राजवंश था।

**50. 'बोस्टन टी पार्टी' की घटना किस वर्ष हुई?**

(a) 1773 ई. (b) 1648 ई.
(c) 1453 ई. (d) 1618 ई.

**Ans. (a) :** बोस्टन टी पार्टी (Boston tea party) एक ऐतिहासिक घटना थी जो 16 दिसंबर, 1773 को अमेरिका के बोस्टन शहर में हुई थी। यह ब्रिटिश उपनिवेश मैसाचुसेट्स के एक उपनिवेश बॉस्टन के उपनिवेशवासियों द्वारा ब्रिटिश सरकार के खिलाफ प्रत्यक्ष कार्यवाही थी।

**51. निम्नांकित में से कौन से क्रान्तिकारी चटगाँव शस्त्रागार हमले में सम्मिलित थे?**

(a) सूर्यसेन (b) चन्द्रशेखर आजाद
(c) भगत सिंह (d) अम्बिका चक्रवर्ती

**Ans. (a) :** चटगाँव शस्त्रागार छापा 18 अप्रैल, 1930 को हुआ था। यह स्वतंत्रता सेनानी सूर्यसेन के नेतृत्व में पुलिस और सहायक बलों के शस्त्रागार पर छापा मारने का प्रयास था। इस घटना का मुख्य उद्देश्य चटगाँव (वर्तमान बांग्लादेश) के ब्रिटिश शस्त्रागार पर हमला कर हथियारों को कब्जे में लेना और अंग्रेजी सरकार के नियंत्रण को कमजोर करना था।

**52. फतेहपुर सीकरी में स्थित निम्नलिखित में से किस भवन का निर्माण बादशाह अकबर ने नहीं करवाया था?**

(a) जोधाबाई का महल
(b) मोती मस्जिद
(c) तुर्की सुल्ताना का महल
(d) पंचमहल

**Ans. (b) :** आगरा के फतेहपुर सीकरी में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण मुगल शासक शाहजहाँ ने करवाया था। सफेद संगमरमर से निर्मित इस मस्जिद का निर्माण कार्य 1646-1653ई. की अवधि में किया गया था। आगरा के किले में स्थित यह सामूहिक मस्जिद यूनेस्कों विश्व धरोहर स्थल है जबकि जोधाबाई महल, पंचमहल, बुलन्द दरवाजा, दीवान-ए-खास आदि का निर्माण अकबर द्वारा करवाया गया।

**53. 'निहिलिज्म' का विकास किस देश में हुआ था?**

(a) रूस
(b) अमेरिका
(c) चीन
(d) मंगोलिया

**Ans. (a) :** रूसी भाषा में निहिलिज्म (शून्यवाद) शब्द का अर्थ आंदोलन द्वारा प्रचलित आदर्शों की अस्वीकृति थी। रूसी शून्यवादी आंदोलन एक दार्शनिक और क्रांतिकारी आंदोलन था जो 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत के बीच रूसी साम्राज्य में उभरा था।

**54. 'एस्ट्रोलेब' नामक उपकरण का आविष्कार निम्न में से किस एक को निर्धारित करने के लिए किया गया है?**

(a) अक्षांश एवं देशान्तर
(b) सूर्य एवं तारों की स्थितियाँ
(c) पृथ्वी का आकार (क्षेत्र)
(d) सागर की गहराई

**Ans. (a) :** एस्ट्रोलैब एक खगोल विज्ञान उपकरण है जिसका उपयोग 6वीं शताब्दी से स्थानीय समय के अनुसार स्थानीय अक्षांश निर्धारित करने, तारों या ग्रहों की पहचान करने, सर्वेक्षण करने या त्रिभुज बनाने आदि के लिए किया जाता है।

**55. गुयोट्स के समतल शीर्ष का अपरदन निम्नलिखित में से किस एक के द्वारा होता है?**

(a) पवन की क्रिया के द्वारा
(b) हिमानी की क्रिया के द्वारा
(c) लहर की क्रिया के द्वारा
(d) नदी की क्रिया के द्वारा

**Ans. (c) :** गुयोट्स (टेबलमाउंट) समुद्र की सतह से 200 मीटर नीचे एक सपाट शीर्ष के साथ पानी के नीचे एक ज्वालामुखी पर्वत हैं। इसके समतल शीर्ष का अपरदन लहर की क्रिया द्वारा होता है। गुयोट्स सबसे अधिक प्रशांत महासागर में पाए जाते हैं।

**56. निम्नलिखित में से कौन सी रूपान्तरित चट्टान नहीं है?**

(a) संगमरमर
(b) क्वार्टजाइट
(c) ग्रेनाइट
(d) शिस्ट

**Ans. (c) :** ग्रेनाइट, अग्नेय चट्टान का प्रकार है जो ज्वालामुखी के फटने और दरारों से निकलने पर बनती है। इन चट्टानों में मुख्य रूप से सिलिकॉन और एल्युमीनियम होता है। गैब्रो, बेसाल्ट आदि कुछ अन्य अग्नेय चट्टान के उदाहरण है। जबकि संगमरमर, स्लेट, शिस्ट, नीस, क्वार्टजाइट आदि रूपान्तरित चट्टानें हैं।

**57. धुआँधार जलप्रपात निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

(a) उत्तराखण्ड
(b) मध्य प्रदेश
(c) सिक्किम
(d) हिमाचल प्रदेश

**Ans. (b) :** धुआँधार जल प्रपात मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में स्थित है। नर्मदा नदी पर स्थित इस जल प्रपात को अपने सफेद धुएँ जैसे पानी के तेज बहाव के कारण इसे धुआँधार कहा जाता है। भेड़ाघाट के पास स्थित यह जल प्रपात मार्बल की चट्टानों के लिए भी प्रसिद्ध है।

**58. निम्नलिखित में से किन दो राष्ट्रों की सीमा का निर्धारण 'रैडक्लिफ रेखा' करती है?**

(a) भारत एवं बांग्लादेश
(b) भारत एवं अफगानिस्तान
(c) भारत एवं नेपाल
(d) भारत एवं चीन

**Ans. (a) :** रेडक्लिफ रेखा का सीमाकरण 17 अगस्त, 1947 को हुआ था। यह रेखा भारत एवं पाकिस्तान के बीच सीमा का निर्धारण करती है। वर्तमान में रेखा का पंजाब वाला हिस्सा भारत-पाकिस्तान का हिस्सा है जबकि बंगाल वाला हिस्सा बांग्लादेश-भारत सीमा के रूप में कार्य करता है। अर्थात दिये गये विकल्पों के अनुसार विकल्प (a) सार्थक उत्तर हो सकता है।

**59. बैलाडिला किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) अभ्रक
(b) ताँबा
(c) बॉक्साइट
(d) लौह-अयस्क

**Ans. (d) :** बैलाडिला खान छत्तीसगढ़ के दंतेवाडा जिले में अवस्थित है, जो लौह अयस्क खनिज के लिए प्रसिद्ध है। यह पूर्वी घाट से लगभग 200 किलोमीटर पश्चिम में दक्कन के पठार में स्थित एक पर्वत श्रृंखला है। इसका नाम 'बैलाडीला' इसलिए रखा गया है क्योंकि यह बैल के कूबड़ जैसा दिखता है।

**60. एक व्यक्ति के पास कुल रु. 480 हैं। जिसमें एक-रुपये के नोट, पाँच-रुपये के नोट और दस-रुपये के नोट सम्मिलित हैं। सभी प्रकार के नोटों की संख्या बराबर है। उसके पास नोटों की कुल संख्या कितनी है?**

(a) 45 (b) 30
(c) 75 (d) 90

**Ans. (d) :** माना, एक रुपये के नोटों की संख्या = x
पाँच रुपये के नोटों की संख्या = x
दस रुपये के नोटों की संख्या = x
प्रश्नानुसार,

$1\times x + 5\times x + 10\times x = 480$ रुपये
$x + 5x + 10x = 480$
$16x = 480$
$x = 30$ नोट

कुल नोटों की संख्या = $x + x + x$
= $3x$
= $3\times30$ = 90 नोट

## (भाग-3)
## उत्तराखण्ड से संबंधित विविध जानकारियाँ

**61. निम्नांकित में से कौन सा उत्सव उत्तराखण्ड से संबंधित नहीं है?**
(a) जागर (b) रम्माण
(c) नंदा जात (d) फूल वालों की सैर

**Ans. (d) :** उत्तराखंड एक धार्मिक राज्य है, यहाँ पर कई प्रमुख उत्सव या त्यौहार तथा मेले मनाए जाते हैं, जिसमें जागर, रम्माण, नंदा जात, गिन्दी मेला, जागेश्वर श्रावणी महोत्सव, बसंत पंचमी, हरेला आदि उत्सव मनाये जाते हैं। फूल वालों की सैर उत्तराखंड में नहीं बल्कि दिल्ली में मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है। यह त्यौहार दिल्ली के फूल विक्रेताओं द्वारा मनाया जाता है, इसे सैर-ए-गूल फरोशां के नाम से भी जाना जाता है।

**62. 'जाड़' उत्तराखण्ड के किस जनजाति की एक उप-जाति है?**
(a) जौनसारी (b) राजि
(c) भोटिया (d) थारू

**Ans. (c) :** 'जाड़' उत्तराखंड के भोटिया जनजाति की एक उपजाति है। भोटिया जनजाति की कुछ और उपजातियाँ - मारछा, तोलछा, जोहरी, शोका, दरमिया, व्यासी, जेठरा, छापड़ा (बखरिया) हैं। भोटिया जनजाति के लोग उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली और उत्तर-काशी जिलों के उत्तरी भागों में रहते हैं।

**63. 'नाद-नंदिनी' पुस्तक के लेखक हैं:**
(a) केशवदास अनुरागी
(b) रणवीर सिंह बिष्ट
(c) यशोधर मठपाल
(d) अनूप शाह

**Ans. (a) :** 'नाद-नंदिनी' पुस्तक के लेखक केशवदास अनुरागी हैं। यह पुस्तक हिन्दी और गढ़वाली भाषा में वर्ष 1996 ई. में प्रकाशित हुई थी। इस पुस्तक की पांडुलिपि वर्ष 1958 ई. से पहले लिखी गई थी। इन्होंने ढ़ोल सागर पर शोध पत्र लिखा था।

**64. निम्नलिखित में से कौन सा उत्तराखण्ड का 'नाक' में पहनने वाला पारम्परिक गहना नहीं है?**
(a) नथ (b) मुर्खी
(c) बुलाक (d) फूली

**Ans. (b) :** उत्तराखंड का 'नाक' में पहनने वाला पारंपरिक गहना नथ, बुलाक तथा फूली है। कान में कानफूल, हाथ में पहुँची (सोने की चूडियाँ), गले में हँसुली, चंदनहार तथा गलोबांध पहनती है। मुर्खी कान में पहना जाने वाला आभूषण है।

**65. उत्तराखंड में 'रागी' को कहा जाता है:**
(a) झंडला (b) बाजरा
(c) चीना (d) मँडुआ

**Ans. (d) :** उत्तराखंड में रागी को मँडुआ या कोड़ा कहते हैं। यह उत्तराखंड के सबसे ज्यादा उगाए जाने वाले अनाजों में से एक है। मँडुआ को सुपरफूड माना जाता है। यह ग्लूकोज-फ्री और फाइबर से भरपूर होता है। यह हृदय रोग और मधुमेह रोग से पीड़ित लोगों के लिए फायदेमंद होता है। रागी को भारत में कई नामों जैसे- नाचनी, मारवा, नागली, मंडल आदि से जाना जाता है।

**66. उत्तराखंड में 2021-22 में मत्स्य उत्पादन कितना था?**
(a) 5.130 हजार मी. टन
(b) 5.367 हजार मी. टन
(c) 6.090 हजार मी. टन
(d) 7.900 हजार मी. टन

**Ans. (c) :** उत्तराखंड में 2021-22 में मत्स्य उत्पादन 6.090 हजार मी. टन था। वर्ष 2023 में बढ़कर 7000 हजार मी. टन हो गया । वर्ष 2001 से 2023 के बीच उत्तराखंड में मछली का औसत उत्पादन 3.890 टन रहा। भारत विश्व में मछली उत्पादन में तीसरे नंबर पर है।

**67. उत्तराखण्ड के हस्तशिल्प उत्पादों को भारत के दूसरे राज्यों में किस ब्रांड नाम से बेचा जाता है?**
(a) देव भूमि ब्रांड (b) हिमालयन ब्रांड
(c) उत्तराखण्डी ब्रांड (d) हिमाद्रि ब्रांड

**Ans. (d) :** उत्तराखंड के हस्तशिल्प उत्पादों को भारत के दूसरे राज्यों में हिमाद्रि ब्रांड के नाम से बेचा जाता है। इस ब्रांड को उत्तराखंड हथकरघा और हस्तशिल्प विकास परिषद् (UHHDC) ने लाँच किया है। इसका उद्देश्य उत्तराखंड के हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करना और सेवाओं को बेहतर बनाना हैं।

**68. उत्तराखण्ड की छठी आर्थिक गणना 2012-13 के अनुसार, उत्तराखण्ड के किस जिले में सबसे कम संख्या में महिला उद्यमियों द्वारा उद्यमों को संचालित किया जाता है?**
(a) उत्तरकाशी (b) चमोली
(c) रुद्रप्रयाग (d) पिथौरागढ़

**Ans. (c) :** उत्तराखंड की छठी आर्थिक गणना 2012-13 के अनुसार उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में सबसे कम संख्या में महिला उद्यमियों द्वारा उद्यमों को संचालित किया जाता है।

**69. निम्नलिखित जिलों में से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना ( पी.एम.-एस.वाई.एम. ) के अन्तर्गत सर्वाधिक श्रमिकों के नामांकन किस जिले में हुए हैं?**

(a) हरिद्वार (b) देहरादून
(c) अल्मोड़ा (d) उधमसिंह नगर

**Ans. (b) :** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने फरवरी 2019 में शुरू किया था। इस योजना का लाभ 18-40 वर्ष के बीच के असंगठित श्रमिक प्राप्त कर सकते हैं। उत्तराखंड के देहरादून जिले में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) के अन्तर्गत सर्वाधिक श्रमिकों के नामांकन हुए हैं। इस योजना में लाभार्थी की उम्र 60 वर्ष पूरी हो जाने के बाद प्रत्येक महीने 3000 रुपये की पेंशन मिलती है।

**70. उत्तराखण्ड आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, उत्तराखण्ड की मुख्य निर्यात मद दिसम्बर 2021 तक ( 2021-22 के दौरान ) क्या थी?**

(a) प्लास्टिक एवं रबर
(b) केमिकल प्रोडक्ट्स
(c) बेस मेटल्स
(d) रत्न, बहुमूल्य एवं अर्द्ध बहुमूल्य स्टोन्स

**Ans. (b) :** उत्तराखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार उत्तराखंड की मुख्य निर्यात मद दिसम्बर 2021 तक केमिकल प्रोडक्ट्स थी। उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है। इस राज्य में लीची, बागवानी, जड़ी-बूटियाँ, औषधीय पौधे और बासमती चावल के लिए कृषि निर्यात क्षेत्र स्थापित किये गये हैं। वर्तमान में उत्तराखंड राज्य में ऑटोमोबाइल व फार्मा इकाइयाँ सबसे बड़े निर्यातक क्षेत्र के रूप में उभरे हैं।

**71. उत्तराखण्ड में विज्ञान धाम स्थित हैः**

(a) पौड़ी (b) कर्णप्रयाग
(c) देहरादून (d) मसूरी

**Ans. (c) :** उत्तराखंड में विज्ञान धाम देहरादून में स्थित है। यह केन्द्र लगभग 30,450 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें हिमालय गैलरी, विज्ञान गैलरी, फ्रंटियर्स ऑफ टेक्नोलॉजी गैलरी, 3डी थिएटर, इनोवेशन हब, पुस्तकालय और सभागार जैसी कई सुविधाएँ हैं। देहरादून के झाझरा में विज्ञान धाम में क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र एक नव स्थापित विज्ञान पार्क है।

**72. भारत का प्रथम 'लाइकेन पार्क' विकसित किया जा रहा हैः**

(a) भराड़ीसैंण में (b) मुन्स्यारी में
(c) गंगोत्री में (d) दूनागिरी में

**Ans. (b) :** भारत का प्रथम 'लाइकेन पार्क' उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के मुन्स्यारी में विकसित किया गया है। मुख्य वन संरक्षक श्री संजीव चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में इस पार्क को विकसित किया गया है। स्थानीय भाषा में कवक को झूला या पत्थर के फूल भी कहा जाता है। कवक (लाइकेन) एक प्रकार की वनस्पति है, जो पेड़ के तनों, दीवारों, चट्टानों और मिट्टी पर पनपता है। यह कई आकारों, रंगों और रूपों में पाया जाता है। लाइकेन को (माइकोफाइकोफाइटा) के एक संघ के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**73. 'हरेला' उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध.............है ।**

(a) त्योहार (b) लोकनृत्य
(c) लोकगीत (d) फल

**Ans. (a) :** हरेला उत्तराखंड का प्रसिद्ध त्यौहार है। यह पर्व उत्तराखंड के कुमाऊँ और गढ़वाल मण्डलों में मनाया जाता है। हरेला पर्व को हरियाली, शांति, समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व भगवान शिव से संबंधित और पहाड़ी राज्य में सावन की शुरुआत मानी जाती है।

**74. उत्तराखंड में कुल कितने वन्यजीव अभयारण्य हैं?**

(a) 4 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**Ans. (c) :** उत्तराखंड में कुल सात (7) वन्यजीव अभयारण्य हैं, जो निम्न हैं-
(1) बेनोग वन्यजीव अभयारण्य
(2) बिनसर वन्यजीव अभयारण्य
(3) केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य
(4) नंधौर वन्यजीव अभयारण्य
(5) गोविंद वन्यजीव अभयारण्य
(6) सोनानदी वन्यजीव अभयारण्य
(7) अस्कोट वन्यजीव अभयारण्य

**75. उत्तरखंड में प्रथम पशु क्वारंटीन केन्द्र स्थापित किया हैः**

(a) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
(b) गोविंद पशुलोक
(c) जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(d) अस्कोट अभयारण्य

**Ans. (c) :** उत्तराखंड में प्रथम पशु क्वारंटीन केन्द्र जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में स्थापित किया है। कोविड-19 के खतरे को देखते हुए जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में जानवरों के लिए पहली क्वारंटीन सुविधा शुरू की गई। कोविड-19 के लक्षण वाले जानवरों के लिए अब आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं।

**76. ...........उत्तराखंड में यूनेस्को विरासत स्थल है।**

(a) मानस राष्ट्रीय उद्यान
(b) भारतीय पर्वत रेल
(c) दी ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान
(d) नंदा देवी बायोस्फेयर रिजर्व

**Ans. (d) :** नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व भारत के उत्तराखण्ड राज्य के चमोली गढ़वाल जिले में स्थित है। यह 241.2 वर्ग मील में फैला है और समुद्र तल से 3,500 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों और जीवों की लुप्त प्रजातियाँ पायी जाती हैं। यह उद्यान भारत के सबसे विशाल जैव भंडारों में से एक है और वर्ष 1988 में इसे 'यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल' घोषित किया गया था।

**77. उत्तराखण्ड की किन दो महिला सरपंचों को राष्ट्रपति के द्वारा 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023' प्रदान किया गया?**

(a) निकिता चौहान और पार्वती देवी
(b) कविता देवी और निकिता चौहान
(c) कविता देवी और हेमलता
(d) खष्टी देवी और कमला देवी

**Ans. (b) :** उत्तराखंड की कविता देवी और निकिता चौहान नामक दो महिला सरपंचों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023' प्रदान किया गया । निकिता चौहान देहरादून की सरपंच तथा कविता बागेश्वर की सरपंच हैं। यह सम्मान उन्हें अपने गाँवों को खुले में शौच से मुक्त करने की दिशा में उत्कृष्ट और असाधारण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया है।

**78. उत्तराखण्ड के किस खिलाड़ी ने 22वें कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक जीता?**

(a) जसपाल राणा (b) लक्ष्य सेन
(c) वन्दना कटारिया (d) चिराग सेन

**Ans. (b) :** उत्तराखंड के लक्ष्यसेन ने 22वें कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक जीता। लक्ष्यसेन ने फाइनल में मलेशिया के एन जी जे योंग को हराया था। ये उत्तराखंड के दूसरे गोल्डन ब्वॉय बन गये थे, इससे पहले 2006 में निशानेबाज जसपाल राणा ने गोल्ड जीता था।

**79. निम्नलिखित में से कौन सा नाम उत्तराखण्ड गौरव सम्मान-2022 की सूची में नहीं था?**

(a) वीरेन डंगवाल
(b) अजीत डोभाल
(c) नरेन्द्रसिंह नेगी
(d) गिरीश चन्द्र तिवारी

**Ans. (c) :** उत्तराखंड गौरव सम्मान, उत्तराखंड रत्न के साथ-साथ उत्तरखंड राज्य के दो सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक है। यह पुरस्कार किसी भी क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। इसकी शुरुआत उत्तराखंड सरकार द्वारा वर्ष 2021 में हुआ। उत्तराखंड गौरव सम्मान-2022 प्रसून जोशी, बिपिन रावत, वीरेन डंगवाल, अजीत डोभाल तथा गिरीश चंद्र तिवारी को प्राप्त हुआ जबकि नरेन्द्र सिंह नेगी को यह सम्मान 2021 में प्राप्त हुआ था।

**80. 2023 में केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड के एक 500 वर्ष पुराने नौले (स्टेप वेल) को संरक्षित घोषित किया है। यह स्थित है–**

(a) बागेश्वर (b) बिन्सर
(c) स्यूनराकोट (d) रानीखेत

**Ans. (c) :** 2023 केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड के एक 500 वर्ष पुराने नौले (स्टेप वेल) स्यूनराकोट को संरक्षित घोषित किया है। यह भारत के पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के अल्मोड़ा की मशहूर कवि सुमित्रानंदन पंत की जन्म स्थली है। स्यूनराकोट का नौला चंद शासकों द्वारा बनाया गया था, जो 14वीं और 15वीं शताब्दी में कुमाऊं साम्राज्य के एक हिन्दू राजपूत शासक थे। 23 जनवरी को केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने स्यूनराकोट नौला को राष्ट्रीय प्राचीन धरोहर घोषित किया।

**81. निम्नांकित में से किसे उत्तराखण्ड शासन द्वारा उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद (यूकोस्ट) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है?**

(a) डॉ. राजेन्द्र डोभाल
(b) डॉ. अनिल प्रकाश जोशी
(c) प्रों. दुर्गेश पंत
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** उत्तराखंड शासन द्वारा उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद् (यूकोस्ट) का महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत को नियुक्त किया गया है। यूकोस्ट की स्थापना नवंबर 2002 में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत किया गया था। वर्ष 2005 से यूकोस्ट ने कार्य शुरू किया।

**82. अक्टूबर, 2022 में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रशिक्षुओं की हिमस्खलन के कारण किस चोटी पर मृत्यु हो गयी थी?**

(a) लाबचु-1 (b) चन्द्रभागा
(c) द्रोपदी का डांडा-2 (d) हनुमान टिब्बा

**Ans. (c) :** अक्टूबर 2022 में नेहरु पर्वतारोहण संस्थान के प्रशिक्षुओं की हिमस्खलन के कारण द्रौपदी का डांडा-2 चोटी पर मृत्यु हो गयी थी। इसमें 29 पर्वतारोहियों की मृत्यु हो गयी थी।

**83. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तराखण्ड खुले में शौच से मुक्त होने वाला............राज्य बना।**

(a) द्वितीय (b) तृतीय
(c) चतुर्थ (d) पंचम

**Ans. (c) :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तराखंड खुले में शौच से मुक्त होने वाला चतुर्थ राज्य बना। सिक्किम को भारत का पहला खुले में शौच मुक्त राज्य घोषित किया गया। देश के 8 राज्य क्रमशः सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, केरल, उत्तराखंड, हरियाणा, गुजरात, दमन और दीव तथा चंडीगढ़ पूरी तरह खुले में शौच मुक्त राज्य हो गये हैं। यह योजना 2 अक्टूबर 2014 से शुरू की गयी थी।

**84. भारतीय वन सर्वेक्षण प्रतिवेदन (रिपोर्ट) 2021 के अनुसार, निम्नलिखित जनपदों में से सर्वाधिक वन क्षेत्र किसमें है?**

(a) चमोली (b) देहरादून
(c) पिथौरागढ़ (d) उत्तरकाशी

**Ans. (b) :** भारतीय वन सर्वेक्षण प्रतिवेदन (रिपोर्ट) 2021 के अनुसार देहरादून में वनों का क्षेत्रफल 1,61,158 वर्ग किलोमीटर है। भारतीय वन सर्वेक्षण पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाला संगठन है। यह प्रत्येक 2 वर्ष में देश के वनों का आकलन करता है।

**85. पर्वतीय कस्तूरी मृग के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिएः**

**1. एकाकी प्राणी, बंधनावस्था में दिखना मुश्किल।**

**2. यह आई.यू.सी.एन. की रेड डाटा सूची में, खतरे में नहीं है।**

**3. उत्तराखण्ड में यह प्रजाति अवैध शिकार के कारण खतरे में है।**

**उपरोक्त में से कौन सा कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 एवं 2
(b) केवल 1 एवं 3
(c) केवल 2 एवं 3
(d) 1, 2 एवं 3

**Ans. (b) :** पर्वतीय कस्तूरी मृग एकांकी प्राणी बंधनावस्था में दिखना मुश्किल है। यह प्रजाति उत्तराखंड में अवैध शिकार के कारण खतरे में है। अतः विकल्प (a) और (c) सत्य है।
कस्तूरी केवल नर मृग में पायी जाती है। आई.यू.सी.एन. के सहयोग से कस्तूरी मृग परियोजना उत्तराखंड के केदारनाथ अभयारण्य में 1970 के दशक में आरम्भ की गई। कस्तूरी मृग के लिए हिमाचल प्रदेश का शिकारी देवी अभयारण्य तथा उत्तराखंड का बद्रीनाथ अभयारण्य प्रसिद्ध है। रासायनिक रूप से कस्तूरी का नाम **मिथाइल ट्राईक्लोरोपेटा डेकेनॉल** है।

**86. निम्नलिखित में से कौन 'अक्षांश दर्पण' के लेखक हैं?**

(a) नैन सिंह
(b) किशन सिंह
(c) मानसिंह
(d) आर.एस.टोलिया

**Ans. (a) :** अक्षांश दर्पण के लेखक पंडित नैन सिंह रावत हैं। ये हिमालयी इलाकों के खोजकर्ता थे। नैन सिंह रावत ने तीन डायरियाँ लिखी थी। अक्षांश दर्पण किताब भारत में सर्वेक्षण और स्थानीय भाषा लेखन के इतिहास में अहम दस्तावेज हैं।

**87. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) बोरासू दर्रा-उत्तरकाशी
(b) बाड़ाहोती दर्रा-उत्तरकाशी
(c) तुनजन दर्रा-चमोली
(d) लमखगा दर्रा-उत्तरकाशी

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म है-

| | | |
|---|---|---|
| (1) बोरासू दर्रा | – | उत्तरकाशी |
| (2) बाड़ाहोती दर्रा | – | चमोली |
| (3) तुनजन दर्रा | – | चमोली |
| (4) लमखगा दर्रा | – | उत्तरकाशी |

**88. गोविन्द वन्य जीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस जनपद में स्थित है?**

(a) उत्तरकाशी (b) चमोली
(c) नैनीताल (d) अल्मोड़ा

**Ans. (a) :** गोविन्द वन्य जीव अभयारण्य उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1 मार्च, 1955 ई. को गढ़वाल हिमालय के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुई थी। इसे गोविन्द पशु बिहार के नाम से भी जाना जाता है। यह अभयारण्य हिम तेंदुओं के संरक्षण के लिए शुरू की गई स्नो लेपर्ड परियोजना को बढ़ावा देता है।

**89. निम्नलिखित में से कौन 'द चिपको मूवमेण्टः ए पीपुल्स हिस्ट्री' के लेखक हैं?**

(a) सुन्दरलाल बहुगुणा
(b) चण्डीप्रसाद भट्ट
(c) रमेशचन्द्र
(d) शेखर पाठक

**Ans. (d) :** ''द चिपको मूवमेण्ट : ए पीपुल्स हिस्ट्री'' के लेखक शेखर पाठक हैं। डॉ. शेखर पाठक उत्तराखंड के एक भारतीय इतिहासकार, लेखक और विद्वान है। वह 1983 में स्थापित हिमालय क्षेत्र अनुसंधान के लिए पीपुल्स एसोसिएशन के संस्थापक, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल में इतिहास के पूर्व प्रोफेसर हैं। वर्ष 2007 में पद्मश्री पुरस्कार से इन्हें सम्मानित किया गया।

**90. उत्तराखण्ड के निम्नलिखित में से किस नगर केन्द्र में 2001-2011 के दौरान सर्वाधिक ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि (%) पंजीकृत की गई है?**

(a) लैन्ड्सडाउन छावनी परिषद
(b) अल्मोड़ा छावनी परिषद
(c) देहरादून छावनी परिषद
(d) रुड़की छावनी परिषद

**Ans. (b) :** उत्तराखंड के अल्मोड़ा छावनी परिषद् नगर केन्द्र में 2001-2011 के दौरान सर्वाधिक ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि (%) पंजीकृत की गई है। पूरे प्रदेश में एक दशक में जनसंख्या वृद्धि दर 18.81% रही है। जिसमें ऊधमसिंह नगर में (33.45%) जनसंख्या की बढ़ोत्तरी हुई है। ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि दर पौड़ी के बाद अल्मोड़ा का स्थान दूसरा है। पौड़ी जिले की ऋणात्मक वृद्धि दर -1.41% तथा अल्मोड़ा की ऋणात्मक वृद्धि -1.28% रही है।

**91. निम्नलिखित में से कौन सी काली नदी की सहायक नदियाँ हैं?**

(a) पिण्डार और धौली गंगा
(b) पूर्वी धौली और कुथी-याँग्ती
(c) साँग और खो
(d) डब्का और निहाल

**Ans. (b) :** काली नदी उत्तराखंड राज्य की चार प्रमुख नदियों में से एक है। काली नदी जिसे महाकाली, कालीगंगा या शारदा के नाम से भी जाना जाता है। इस नदी को उत्तराखंड के राज्य चिह्न पर भी दर्शाया गया है। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ- पूर्वी धौली और कुथी-याँग्ती, कूटी, गोरी, चमेलिया, रामगुण, लढ़िया हैं।

**92. 'हरी भरी उम्मीद' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) पुष्पेश पंत
(b) सुंदरलाल बहुगुणा

(c) चंडीप्रसाद भट्ट
(d) शेखर पाठक

**Ans. (d) :** ''हरी भरी उम्मीद'' पुस्तक के लेखक शेखर पाठक हैं। यह पुस्तक बीसवीं सदी के जंगलों से जुड़े आंदोलनों पर लिखी गई हैं। इसमें चिपको आंदोलन पर विस्तृत अध्ययन और विश्लेषण है।

**93. पँवार वंश के शासनकाल में 'सुपकारपति'.................. हुआ करता था।**
(a) राजा का सुरक्षा अधिकारी
(b) राजकीय भोजनालय का प्रभारी
(c) सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी
(d) युवराज

**Ans. (b) :** पँवार वंश के शासन काल में 'सुपकारपति' राजकीय भोजनालय का प्रभारी हुआ करता था। पँवार राजवंश ने गढ़वाल साम्राज्य पर शासन किया। पं. हरिकृष्ण रतूड़ी राजा भानू प्रताप गढ़वाल में पँवार वंश के पहले शासक थे। पँवार वंश ने गढ़वाल साम्राज्य पर नौवीं से 19वीं शताब्दी तक शासन किया।

**94. 1886 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व किसने किया?**
(a) ज्वालादत्त जोशी
(b) मुँशी सदानन्द सनवाल
(c) बद्रीदत्त पाण्डे
(d) बुद्धिबल्लभ पंत

**Ans. (a) :** 1886 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व ज्वालादत्त जोशी ने किया था। ज्वालादत्त जोशी स्वाधीनता संग्राम सेनानी, राष्ट्र-प्रेमी और समाज सुधारक थे। ये इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कुमाऊँ के प्रथम अधिवक्ता थे।

**95. कौन सा पँवार शासक मुगल बादशाह जहाँगीर के दरबार में भेट लेकर गया था?**
(a) मान शाह
(b) बलभद्र शाह
(c) श्याम शाह
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** श्याम शाह पँवार शासक मुगल बादशाह जहाँगीर के दरबार में भेट लेकर गया था। श्याम शाह ने 15 मार्च, 1621 ई. को जहाँगीर से आगरा में मुलाकात की थी। ये चंद राजा लक्ष्मीचंद दिलीपचंद, विजयचंद तथा त्रिमलचंद के समकालीन थे।

**96. उत्तराखण्ड पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, निम्न में से किस जिले में 'भूतहा गाँवों' की संख्या सर्वाधिक हैं?**
(a) हरिद्वार (b) देहरादून
(c) उधमसिंह नगर (d) पौड़ी

**Ans. (d) :** उत्तराखंड पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पौड़ी जिलें में ''भूतहा गाँवों'' की संख्या सर्वाधिक है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, पौड़ी और अल्मोड़ा ही ऐसे दो जिले थे जहाँ आबादी कम हुई थी। 2018-2022 के बीच राज्य के अलग-अलग हिस्सों से 3.3 लाख लोग पलायन कर गए। पौड़ी जिले की 1212 ग्राम पंचायतों में से 1025 पलायन से प्रभावित हैं। इसका मुख्य कारण रोजगार की कमी है।

**97. पप्पू कार्की कला की किस विधा से संबंधित थे?**
(a) संगीत (b) नृत्य
(c) चित्रकला (d) मूर्तिकला

**Ans. (a) :** पप्पू कार्की संगीत कला की विधा से सम्बन्धित थे। उनका जन्म पिथौरागढ़ जनपद के सेलावन गांव में 30 जून, 1884 को हुआ था। उन्हें वर्ष 2009 में मसूरी में सर्वश्रेष्ठ नवोदित कलाकार का पुरस्कार तथा 2017 में दिल्ली में यूका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्होंने 2010 में रामा कैसेट्स की एल्बम के गीत 'डीडीहाट की जमना छोटा' से शुरुआत की थी।

**98. किस वर्ष में कुमाऊँ परिषद का विलय काँग्रेस में हुआ था?**
(a) 1923 (b) 1925
(c) 1926 (d) 1931

**Ans. (c) :** कुमाऊँ परिषद का विलय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में वर्ष 1926 में हुआ था। कुमाऊँ परिषद ने स्थानीय सुधारों के साथ-साथ राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भी काम किया था। स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी प्रतिबद्धता को दिखाने के लिए ही इसका कांग्रेस में विलय किया गया था।
• कुमाऊँ परिषद के संस्थापक हरगोविन्द पंत थे। इसकी स्थापना 1916 में नैनीताल में हुई थी।
• ये एक स्वतंत्रता सेनानी थे।

**99. नीलकण्ठ महादेव का प्रसिद्ध मंदिर उत्तराखण्ड के किस जिले में स्थित है?**
(a) टिहरी गढ़वाल
(b) पौड़ी गढ़वाल
(c) उत्तरकाशी
(d) चमोली

**Ans. (b) :** नीलकण्ठ महादेव मंदिर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जो मणिकूट पर्वत की तलहटी में मधुमती और पंकजा नदी के संगम पर बना है।

**100. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(a) गोना भूस्खलन-1893
(b) नैनीताल भूस्खलन-1880
(c) तवाघाट भूस्खलन-1998
(d) कर्मी भूस्खलन-1983

**Ans. (c) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| नैनीताल भूस्खलन | – | 1880 |
| कर्मी भूस्खलन | – | 1983 |
| गोना भूस्खलन | – | 1893 |
| तवाघाट भूस्खलन | – | 1977 |

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वन रक्षक परीक्षा-2021

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** [परीक्षा तिथि : 14 फरवरी, 2021

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) वाणी (b) वीणापाणि
(c) कमला (d) शारदा

**Ans. (c) :** 'सरस्वती' शब्द का पर्यायवाची- वाणी, शारदा, वागेश्वरी वेदमाता, वाग्देवी, महास्वेता, वीणापाणि, शंतरूपा, ज्ञानदा, हंसवाहिनी इत्यादि है।
**कमला** – लक्ष्मी, विष्णुप्रिया, इंदिरा, पद्मा, भार्गवी, सिंधुजा क्षीरोतनया।

**2. 'अन्वय' का अर्थ है -**

(a) व्याकरण की अनुरूपता
(b) वाक्य की अनुरूपता
(c) शब्दों की अनुरूपता
(d) ध्वनि की अनुरूपता

**Ans. (a) :** अन्वय या मेल में लिंग, वचन, पुरुष और काल के अनुसार वाक्य के विभिन्न पदों (शब्दों) का एक दूसरे से मेल दिखाया जाता है। यह मेल कर्ता और क्रिया का, कर्म और क्रिया तथा संज्ञा और सर्वनाम का होता है।

**3. अंगुली का तद्भव रूप है -**

(a) अंगुल
(b) अंगुरी
(c) उंगली
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** अंगुली का तद्भव उंगली है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**4. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है -**

(a) आज्ञा (b) आच्छादन
(c) मातृत्व (d) आदेश

**Ans. (a) :** उपरोक्त शब्दों में मातृत्व, आच्छादन, आदेश, स्त्रीत्व, सतीत्व माधुर्य पुल्लिंग शब्द हैं।
आज्ञा, घटना, अहिंसा, अरहर स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**5. निम्नलिखित में से कौन–सा संधि विच्छेद, व्यंजन संधि से संबंधित नहीं है?**

(a) जगत् + नाथ
(b) सम् + सार
(c) निः + सन्देह
(d) तत् + लीन

**Ans. (c) :** 'निः + सन्देह = निःसंदेह' विसर्ग संधि का उदाहरण हैं। शेष विकल्प व्यंजन संधि के उदाहरण हैं।

**6. 'सीलबन्द' शब्द है -**

(a) तत्सम (b) संकर
(c) देशज (d) विदेशज

**Ans. (b) :** सीलबंद 'संकर' शब्द है, यह दो भाषाओं सील (अंग्रेजी) और बंद (फारसी) से बना शब्द है।

**7. 'डिंगल–पिंगल' का संबंध है -**


(a) बंगाल से (b) पंजाब से
(c) केरल से (d) राजस्थान से

**Ans. (d) :** डिंगल और पिंगल साहित्यिक राजस्थानी के दो प्रकार हैं डिंगल पश्चिमी राजस्थानी का साहित्यिक रुप है। इसका अधिकांश साहित्य चारण कवियों द्वारा लिखित है। जबकि पिंगल पूर्वी राजस्थानी का साहित्यिक रूप है इसका अधिकांश साहित्य भाट जाति के कवियों द्वारा लिखित है।

**8. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद होते हैं -**

(a) 8 (b) 6
(c) 2 (d) 16

**Ans. (a) :** अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद होते हैं।




**9. अयोगवाह वर्णों का प्रयोग होता है -**

(a) संयुक्त व्यंजन के रूप में
(b) विसर्ग के रूप में
(c) अनुस्वार-अनुनासिक रूप में
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** अनुस्वार और विसर्ग न तो स्वर हैं न व्यंजन किन्तु ये स्वरों के सहारे चलते हैं। स्वर और व्यंजन दोनों में इनका उपयोग होता है। इसलिए इन दोनों ध्वनियों को अयोगवाह कहते हैं। अयोगवाह का अर्थ 'योग न होने पर भी जो साथ रहें।'

**10. 'परिमाणवाचक' भेद है -**

(a) संज्ञा का (b) सर्वनाम का
(c) कारक का (d) विशेषण का

**Ans. (d) :** जिस विशेषण से किसी वस्तु की नाप तौल का बोध होता है, उसे परिमाण-बोधक विशेषण कहते हैं।
जैसे- मुझे दो मीटर कपड़ा दो।
उसे एक किलो चीनी चाहिए।

**11. 'संसद' शब्द में संज्ञा है -**

(a) जातिवाचक
(b) भाववाचक
(c) समूहवाचक
(d) व्यक्तिवाचक

**Ans. (c) :** जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे- सभा, दल, गिरोह, संसद, वस्तुओं का समूह (गुच्छा), कुंज, मण्डल इत्यादि।

**12. हिन्दी वर्णमाला के अनुसार, कौन-सा वर्ण पंचमाक्षर है?**

(a) च (b) ड
(c) ध (d) म

**Ans. (d) :** हिन्दी में अनुनासिक वर्णों की संख्या पाँच है- ङ, ञ, ण, न और म। ये पंचमाक्षर कहलाते हैं। संस्कृत के अनुसार शब्द का अन्तिम अक्षर जिस वर्ग का हो उसके पहले उसी वर्ग का पंचमाक्षर प्रयुक्त होता है।

**13. 'भक्तिन' महादेवी वर्मा की किस विधा की रचना है?**

(a) आत्मकथा
(b) जीवनी
(c) कहानी
(d) संस्मरणात्मक रेखाचित्र

**Ans. (d) :** 'भक्तिन' महादेवी वर्मा जी द्वारा लिखित एक संस्मरणात्मक रेखाचित्र है, जो कि उन्होंने अपनी सेविका के बारे में लिखा है। भक्तिन छोटे कद व दुबले शरीर वाली वृद्ध महिला हैं। लेखिका ने उसकी तुलना अंजनीपुत्र हनुमान से की है।

**14. निम्नलिखित में से 'प्रविशेषण' है -**

(a) ईमानदार (b) कुशल
(c) पराक्रमी (d) अत्यंत

**Ans. (d) :** हिन्दी में कुछ विशेषणों के भी विशेषण होते हैं, उन्हें प्रविशेषण कहते हैं, जैसे- अर्चना <u>अत्यंत</u> <u>सुंदर</u> है।
↓ ↓
प्रविशेषण विशेषण

**15. निम्नलिखित में से देशज शब्द है -**

(a) झोला (b) क्षण
(c) अखबार (d) नमक

**Ans. (a) :** देशज वे शब्द हैं जिनकी व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता। ये अपने ही देश में बोलचाल से बने हैं, इसलिए इन्हें देशज कहते हैं, जैसे– झोला, कटरा, जूता, पगड़ी, लोटा, डिबिया इत्यादि।

**16. 'अस्तबल की बला बन्दर के सिर' लोकोक्ति का सही अर्थ है -**

(a) किसी का दोष किसी और पर मढ़ा जाना
(b) गलती करके रौब जमाना
(c) बेकार की वस्तु दूसरों के मत्थे मढ़ना
(d) कहा जाय कुछ, समझा जाय कुछ

**Ans. (a) :** दिए गए लोकोक्ति 'अस्तबल की बला बन्दर के सिर' का अर्थ 'किसी का दोष किसी और पर मढ़ा जाना' है। शेष विकल्प असंगत है।

**17. निम्नलिखित में से शेखर जोशी की रचना है -**

(a) पहाड़
(b) कोसी का घटवार
(c) पंच-परमेश्वर
(d) सोने का किला

**Ans. (b) :** शेखर जोशी की रचनाएँ 'कोसी का घटवार, साथ के लोग, हलवाहा, नौरंगी बीमार है, मेरा पहाड़ इत्यादि है।
पंच-परमेश्वर – प्रेमचंद
सोने का किला – सत्यजीत राय

**18. निम्नलिखित में से 'आगत' शब्द है -**

(a) तुन्द (b) द्विप्रहर
(c) दूर्वा (d) अखबार

**Ans. (d) :** विदेशी शब्दों को आगत शब्द भी कहा जाता है। आगत का आशय 'आए हुए से है'। इनमें फारसी, अरबी, तुर्की, अंग्रेजी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी भाषाएँ मुख्य हैं।
जैसे- अफसोस, अमीर, अखबार

**19. 'यह लड़का शरारती है' इस वाक्य में 'यह' शब्द है -**

(a) सार्वनामिक विशेषण
(b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(d) कर्मकर्ता सर्वनाम

**Ans. (a) :** उपरोक्त वाक्य 'यह लड़का शरारती है।'
↓ ↓
सार्वनामिक संज्ञा
विशेषण
यहाँ लड़का के पहले विशेषण के रूप में 'यह' सर्वनाम है अतः ये सार्वनामिक विशेषण है।

**20. निम्नलिखित में एकाक्षरी शब्द है -**

(a) भाषा (b) श्वास
(c) महिला (d) कमल

**Ans. (b) :** एकाक्षरी शब्द वे शब्द हैं जिसमें एक ही अक्षर हो, वो भी जिसमें स्वर निहित हो और अन्तिम वाले अक्षर के स्वर की गणना नहीं की जाती है। एकाक्षरी शब्द कहलाते हैं।
**जैसे-** श्वास- श् + व् + आ + स् + अ
एकाक्षरी ×

**21. उत्तराखण्ड में दुर्लभ वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु किस स्थान को अभयारण्य के रूप में विकसित किया गया है?**

(a) बिनसर (b) ताड़ीखेत
(c) शीतलाखेत (d) रानीखेत

**Ans. (a) :** बिनसर वन्यजीव अभयारण्य 1988 में स्थापित किया गया था। यह 45.59 किलोमीटर के क्षेत्र में फैला है। बिनसर वन्यजीव बिहार अल्मोड़ा, (उत्तराखण्ड) में स्थित है। इस अभयारण्य में लगभग 200 से अधिक प्रजातियाँ है, जिनमें फॉर्किटेल, ब्लैकबर्डस, लाफिंग ब्रश आदि शामिल है।